**SET-2**

**Series SGN**

कोड नं.
Code No. **67/2**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **27** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **23** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **27** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **23** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# लेखाशास्त्र

# ACCOUNTANCY

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*



10 YEARS QUESTION PAPER.COM
CBSE BOARD XII
10YearsQuestionPaper.com

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* यह प्रश्न-पत्र दो खण्डों में विभक्त है – **क** और **ख** ।
*(ii)* खण्ड **क** सभी के लिए **अनिवार्य** है ।
*(iii)* खण्ड **ख** के दो विकल्प हैं – वित्तीय विवरणों का विश्लेषण तथा अभिकलित्र लेखांकन ।
*(iv)* खण्ड **ख** से **केवल एक** ही विकल्प के प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।
*(v)* किसी प्रश्न के सभी खण्डों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखे जाने चाहिए ।

**General Instructions :**

*(i)* *This question paper contains two parts – **A** and **B**.*
*(ii)* *Part **A** is **compulsory** for all.*
*(iii)* *Part **B** has two options – Analysis of Financial Statements and Computerised Accounting.*
*(iv)* *Attempt **only one** option of Part **B**.*
*(v)* *All parts of a question should be attempted at one place.*

## खण्ड क

## (साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन)

## PART A

## (Accounting for Partnership Firms and Companies)

**1.** नीतू, मीतू तथा टीटू एक फर्म के साझेदार थे । 1 जनवरी, 2018 को मीतू ने अवकाश ग्रहण किया । मीतू के अवकाश ग्रहण करने पर फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 4,20,000 किया गया ।

मीतू के अवकाश ग्रहण करने पर ख्याति के लेखांकन के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टि कीजिए । *1*

Neetu, Meetu and Teetu were partners in a firm. On $1^{st}$ January, 2018, Meetu retired. On Meetu's retirement the goodwill of the firm was valued at ₹ 4,20,000.

Pass necessary journal entry for the treatment of goodwill on Meetu's retirement.

**2.** अमित तथा बीना एक फर्म के साझेदार थे तथा 3 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । उन्होंने लाभ के $\frac{1}{6}$ भाग के लिए चमन को एक नया साझेदार बनाया । चमन ने अपने भाग का $\frac{2}{5}$ भाग अमित से प्राप्त किया ।

चमन ने बीना से कितना भाग प्राप्त किया ? *1*

Amit and Beena were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 1. Chaman was admitted as a new partner for $\frac{1}{6}^{th}$ share in the profits. Chaman acquired $\frac{2}{5}^{th}$ of his share from Amit.

How much share did Chaman acquire from Beena ?



10 YEARS QUESTION PAPER.COM CBSE BOARD XII 10YearsQuestionPaper.com

3. क्या 'संचित पूँजी', 'अ-अभिदत्त पूँजी' अथवा 'अयाचित पूँजी' का भाग है ? *1*

Is 'Reserve Capital' a part of 'Unsubscribed Capital' or 'Uncalled Capital' ?

4. 'ऋणपत्रों का संपार्श्विक प्रतिभूति के रूप में निर्गमन' का अर्थ बताइए । *1*

Give the meaning of 'Debentures issued as Collateral Security'.

5. परिसम्पत्तियों तथा देयताओं के निपटान के आधार पर 'साझेदारी के विघटन' तथा 'साझेदारी फर्म के विघटन' में अन्तर्भेद कीजिए । *1*

Distinguish between 'Dissolution of partnership' and 'Dissolution of partnership firm' on the basis of settlement of assets and liabilities.

6. रितेश तथा हितेश बचपन के दोस्त हैं । रितेश एक परामर्शदाता है जबकि हितेश एक वास्तुकार है । उन्होंने बराबर राशि का अंशदान करके ₹ 2 करोड़ में एक भवन खरीदा । एक वर्ष पश्चात् उन्होंने उसे ₹ 3 करोड़ में बेच दिया और लाभों को बराबर-बराबर बाँट लिया । क्या वे साझेदारी में व्यवसाय कर रहे हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में कारण दीजिए । *1*

Ritesh and Hitesh are childhood friends. Ritesh is a consultant whereas Hitesh is an architect. They contributed equal amounts and purchased a building for ₹ 2 crores. After a year, they sold it for ₹ 3 crores and shared the profits equally. Are they doing the business in partnership ? Give reason in support of your answer.

7. 'अंश' का क्या अर्थ है ? 'पूर्वाधिकारी अंशों' व 'समता अंशों' में कोई दो अंतर दीजिए । *3*

What is meant by a 'Share' ? Give any two differences between 'Preference Shares' and 'Equity Shares'.

8. जयन्ती कार्तिक तथा लीना एक फर्म के साझेदार थे तथा 5 : 2 : 3 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । कार्तिक का देहान्त हो गया तथा जयन्त एवं लीना ने व्यवसाय को चालू रखने का निर्णय किया । उनका अधिलाभ अनुपात 2 : 3 था ।

जयन्त तथा लीना के नए लाभ सहभाजन अनुपात की गणना कीजिए । *3*

Jayant, Kartik and Leena were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 2 : 3. Kartik died and Jayant and Leena decided to continue the business. Their gaining ratio was 2 : 3.

Calculate the new profit sharing ratio of Jayant and Leena.



10 YEARS QUESTION PAPER.COM CBSE BOARD XII 10YearsQuestionPaper.com

**9.** वी.के. लिमिटेड की पुस्तकों में रिक्त छोड़ी गई निम्नलिखित रोज़नामचा प्रविष्टियों को पूरा कीजिए : 3

**वी.के. लिमिटेड**

**रोज़नामचा**

| तिथि | विवरण | ब.पृ. सं. | नाम राशि ₹ | जमा राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|
| 2018 फरवरी 01 | .................................... नाम<br>....................................<br>(स्वयं के 500, ₹ 100 प्रत्येक के 9% ऋणपत्रों का क्रय ₹ 97 प्रत्येक पर तुरन्त रद्द करने हेतु किया गया) | | .......... | .......... |
| फरवरी 01 | .................................... नाम<br>....................................<br>....................................<br>(स्वयं के ऋणपत्रों को रद्द किया गया) | | .......... | ..........<br>.......... |
| .......... | .................................... नाम<br>....................................<br>(....................................) | | .......... | .......... |

Complete the following journal entries left blank in the books of VK Ltd. :

**VK Ltd.**

**Journal**

| Date | Particulars | L.F. | Debit Amount ₹ | Credit Amount ₹ |
|---|---|---|---|---|
| 2018 February 01 | ............................ Dr<br>............................<br>(Purchased own 500, 9% debentures of ₹ 100 each at ₹ 97 each for immediate cancellation) | | .......... | .......... |
| February 01 | ............................ Dr<br>............................<br>............................<br>(Cancelled own debentures) | | .......... | ..........<br>.......... |
| .......... | ............................ Dr<br>............................<br>(............................) | | .......... | .......... |



10 YEARS QUESTION PAPER.COM CBSE BOARD XII 10YearsQuestionPaper.com

10. एक ट्रक विनिर्माण कम्पनी एन.के. लिमिटेड ₹ 1,00,00,000 की अधिकृत पूँजी के साथ पंजीकृत है जो ₹ 100 प्रत्येक के समता अंशों में विभक्त है । कम्पनी की अभिदत्त तथा प्रदत्त पूँजी ₹ 50,00,000 है । कम्पनी ने राजस्थान के झालावाड़ जिले में विशिष्ट योग्यता वाले बच्चों को प्रशिक्षण देने के लिए तकनीकी विद्यालय खोलने का निर्णय लिया । यह इनको अपनी विभिन्न विनिर्माण इकाइयों में तथा आसपास के क्षेत्र के उद्योगों में रोज़गार उपलब्ध कराने की योजना बना रही है ।

इस परियोजना की पूँजीगत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कम्पनी ने जनता को निर्गमन हेतु 20,000 अंशों का प्रस्ताव किया । सभी अंश पूर्ण रूप से अभिदत्त तथा पूर्ण प्रदत्त हो गए ।

कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची III के प्रावधानों के अनुसार कम्पनी के स्थिति विवरण में अंश पूँजी को प्रदर्शित कीजिए ।

ऐसे किन्हीं दो मूल्यों की पहचान भी कीजिए जिनको कम्पनी सम्प्रेषित करना चाहती है । *3*

NK Ltd., a truck manufacturing company, is registered with an authorised capital of ₹ 1,00,00,000 divided into equity shares of ₹ 100 each. The subscribed and paid up capital of the company is ₹ 50,00,000. The company decided to open technical schools in the Jhalawar district of Rajasthan to train the specially abled children of the area. It is planning to provide them employment in its various production units and industries in the neighbourhood area.

To meet the capital expenditure requirements of the project, the company offered 20,000 shares to the public for subscription. The shares were fully subscribed and paid.

Present the share capital in the Balance Sheet of the company as per the provisions of Schedule III of the Companies Act, 2013.

Also identify any two values that the company wants to communicate.



10 YEARS QUESTION PAPER.COM CBSE BOARD XII 10YearsQuestionPaper.com

11. आशा तथा अदिति एक फर्म में साझेदार हैं तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते हैं। उन्होंने राघव को साझेदार के रूप में फर्म के लाभों में $\frac{1}{4}$ भाग के लिए प्रवेश दिया। राघव अपनी पूँजी के रूप में ₹ 6,00,000 तथा अपने हिस्से की ख्याति नगद लाया। फर्म की ख्याति का मूल्यांकन पिछले चार वर्षों के औसत लाभ के दो वर्षों के क्रय के आधार पर किया गया।

एक फर्म के पिछले चार वर्षों का लाभ निम्न प्रकार से था :

| *वर्ष* | *लाभ (₹)* |
|---|---|
| 2013 – 14 | 3,50,000 |
| 2014 – 15 | 4,75,000 |
| 2015 – 16 | 6,70,000 |
| 2016 – 17 | 7,45,000 |

निम्नलिखित अतिरिक्त सूचना दी गई है :

(i) ख्याति मूल्यांकन के लिए ₹ 56,250 प्रबन्धकीय लागत के वार्षिक प्रभार को भी सम्मिलित किया जाना है।

(ii) 31 मार्च, 2017 को समाप्त हुए वर्ष का अन्तिम स्टॉक ₹ 15,000 अधिक आंका गया।

कार्यकारी टिप्पणियों को स्पष्ट रूप से दर्शाते हुए राघव के प्रवेश पर आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। *4*

Asha and Aditi are partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2. They admit Raghav as a partner for $\frac{1}{4}$th share in the profits of the firm. Raghav brings ₹ 6,00,000 as his capital and his share of goodwill in cash. Goodwill of the firm is to be valued at two years' purchase of average profits of the last four years.

The profits of the firm during the last four years are given below :

| *Year* | *Profit (₹)* |
|---|---|
| 2013 – 14 | 3,50,000 |
| 2014 – 15 | 4,75,000 |
| 2015 – 16 | 6,70,000 |
| 2016 – 17 | 7,45,000 |

The following additional information is given :

(i) To cover management cost an annual charge of ₹ 56,250 should be made for the purpose of valuation of goodwill.

(ii) The closing stock for the year ended 31.3.2017 was overvalued by ₹ 15,000.

Pass necessary journal entries on Raghav's admission showing the working notes clearly.



10 YEARS QUESTION PAPER.COM CBSE BOARD XII 10YearsQuestionPaper.com

12. बनवारी, गिरधारी तथा मुरारी एक फर्म के साझेदार हैं तथा 4 : 5 : 6 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते हैं । 31 मार्च, 2014 को गिरधारी ने अवकाश ग्रहण किया । इस तिथि को बनवारी, गिरधारी तथा मुरारी की पूँजी सभी आवश्यक समायोजनों से पूर्व क्रमश: ₹ 2,00,000, ₹ 1,00,000 तथा ₹ 50,000 थीं । गिरधारी के अवकाश ग्रहण करने पर फर्म की ख्याति का मूल्य ₹ 1,14,000 आंका गया । परिसम्पत्तियों के पुनर्मूल्यांकन एवं देयताओं के पुनर्निर्धारण का परिणाम ₹ 6,000 का लाभ था । फर्म की पुस्तकों में सामान्य संचय ₹ 30,000 का था ।

गिरधारी को देय राशि उसके ऋण खाते में हस्तान्तरित कर दी गई । बनवारी तथा मुरारी, गिरधारी को ₹ 75,000 प्रति वर्ष की दो वार्षिक किस्तों में जिसमें प्रथम दो वर्षों की बकाया शेष राशि पर 10% वार्षिक ब्याज सम्मिलित होगा, तथा शेष राशि का भुगतान ब्याज सहित तीसरे वर्ष करने को सहमत हुए । फ़र्म प्रति वर्ष अपनी पुस्तकें 31 मार्च को बन्द करती है । कार्यकारी टिप्पणियों को स्पष्ट रूप से दर्शाते हुए गिरधारी का ऋण खाता तैयार कीजिए जब तक उसका पूर्ण भुगतान हो । *4*

Banwari, Girdhari and Murari are partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 4 : 5 : 6. On 31$^{st}$ March, 2014, Girdhari retired. On that date the capitals of Banwari, Girdhari and Murari before the necessary adjustments stood at ₹ 2,00,000, ₹ 1,00,000 and ₹ 50,000 respectively. On Girdhari's retirement, goodwill of the firm was valued at ₹ 1,14,000. Revaluation of assets and re-assessment of liabilities resulted in a profit of ₹ 6,000. General Reserve stood in the books of the firm at ₹ 30,000.

The amount payable to Girdhari was transferred to his loan account. Banwari and Murari agreed to pay Girdhari two yearly instalments of ₹ 75,000 each including interest @ 10% p.a. on the outstanding balance during the first two years and the balance including interest in the third year. The firm closes its books on 31$^{st}$ March every year.

Prepare Girdhari's loan account till it is finally paid showing the working notes clearly.



10 YEARS QUESTION PAPER.COM CBSE BOARD XII 10YearsQuestionPaper.com

13. 1 अप्रैल, 2014 को के.के. लिमिटेड ने ₹ 1,000 प्रत्येक के 5,000, 10% ऋणपत्रों को 6% के बट्टे पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमन्त्रित किए । इन ऋणपत्रों का शोधन तीन वर्षों के अन्त में 10% के प्रीमियम पर करना था । 6,000 ऋणपत्रों के लिए आवेदन प्राप्त हुए तथा सभी आवेदकों को आनुपातिक आधार पर ऋणपत्रों का आबंटन कर दिया गया । आवेदन पर प्राप्त अतिरिक्त राशि वापस कर दी गई ।

31.3.2016 को निदेशकों ने न्यूनतम राशि ऋणपत्र शोधन संचय में हस्तान्तरित करने का निर्णय लिया । 1.4.2016 को कम्पनी ने कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार आवश्यक राशि 9% बैंक सावधि जमा में विनियोजित किए । बैंक द्वारा ब्याज पर 10% वार्षिक की दर से स्रोत पर कर घटाया गया ।

ऋणपत्रों के निर्गमन एवं शोधन के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । ऋणपत्रों के निर्गमन पर हानि को अपलिखित करने एवं ऋणपत्रों पर ब्याज के भुगतान सम्बन्धित प्रविष्टियाँ नहीं करनी हैं । *6*

On 1st April, 2014, KK Ltd. invited applications for issuing 5,000 10% debentures of ₹ 1,000 each at a discount of 6%. These debentures were repayable at the end of 3rd year at a premium of 10%. Applications for 6,000 debentures were received and the debentures were allotted on pro-rata basis to all the applicants. Excess money received with applications was refunded.

The directors decided to transfer the minimum amount to Debenture Redemption Reserve on 31.3.2016. On 1.4.2016, the company invested the necessary amount in 9% bank fixed deposit as per the provisions of the Companies Act, 2013. Tax was deducted at source by bank on interest @ 10% p.a.

Pass the necessary journal entries for issue and redemption of debentures. Ignore entries relating to writing off loss on issue of debentures and interest paid on debentures.



10 YEARS QUESTION PAPER.COM
CBSE BOARD XII
10YearsQuestionPaper.com

**14.** प्रणव, करन तथा रहीम एक फर्म के साझेदार थे तथा 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । 31 मार्च, 2017 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

**31.3.2017 को प्रणव, करन तथा रहीम का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | | राशि ₹ | परिसम्पत्तियाँ | राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 3,00,000 | स्थायी परिसम्पत्तियाँ | 4,50,000 |
| सामान्य संचय | | 1,50,000 | स्टॉक | 1,50,000 |
| पूँजी : | | | देनदार | 2,00,000 |
| प्रणव | 2,00,000 | | बैंक | 1,50,000 |
| करन | 2,00,000 | | | |
| रहीम | 1,00,000 | 5,00,000 | | |
| | | 9,50,000 | | 9,50,000 |

12.6.2017 को करन की मृत्यु हो गई । साझेदारी संलेख के अनुसार मृतक साझेदार के वैध निष्पादकों को निम्न देय था :

(i) उसके पूँजी खाते का शेष ।

(ii) पूँजी पर 12% प्रति वर्ष ब्याज ।

(iii) ख्याति का भाग । करन की मृत्यु पर फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 60,000 किया गया ।

(iv) मृत्यु की तिथि तक फर्म के लाभ में उसका भाग, जिसकी गणना फर्म के पिछले वर्ष के लाभ के आधार पर की जाएगी । 31.3.2017 को समाप्त हुए वर्ष में फर्म का लाभ ₹ 5,00,000 था ।

करन के निष्पादकों को प्रस्तुत करने के लिए उसका पूँजी खाता तैयार कीजिए । 6



10 YEARS QUESTION PAPER.COM CBSE BOARD XII 10YearsQuestionPaper.com

Pranav, Karan and Rahim were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 2 : 2 : 1. On 31st March, 2017 their Balance Sheet was as follows :

**Balance Sheet of Pranav, Karan and Rahim as on 31.3.2017**

| Liabilities | | Amount ₹ | Assets | Amount ₹ |
|---|---|---|---|---|
| Creditors | | 3,00,000 | Fixed Assets | 4,50,000 |
| General Reserve | | 1,50,000 | Stock | 1,50,000 |
| Capitals | | | Debtors | 2,00,000 |
| Pranav | 2,00,000 | | Bank | 1,50,000 |
| Karan | 2,00,000 | | | |
| Rahim | 1,00,000 | 5,00,000 | | |
| | | 9,50,000 | | 9,50,000 |

Karan died on 12.6.2017. According to the partnership deed, the legal representatives of the deceased partner were entitled to the following :

(i) Balance in his Capital Account.

(ii) Interest on Capital @ 12% p.a.

(iii) Share of goodwill. Goodwill of the firm on Karan's death was valued at ₹ 60,000.

(iv) Share in the profits of the firm till the date of his death, calculated on the basis of last year's profit. The profit of the firm for the year ended 31.3.2017 was ₹ 5,00,000.

Prepare Karan's Capital Account to be presented to his representatives.



10 YEARS QUESTION PAPER.COM CBSE BOARD XII 10YearsQuestionPaper.com

15. चन्दर तथा दामिनी एक फर्म के साझेदार थे तथा लाभ-हानि बराबर बाँटते थे । 31 मार्च, 2017 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

**31.3.2017 को चन्दर तथा दामिनी का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | | राशि ₹ | परिसम्पत्तियाँ | राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|
| विविध लेनदार | | 1,04,000 | बैंक में रोकड़ | 30,000 |
| पूँजी : | | | प्राप्य बिल | 45,000 |
| चन्दर | 2,50,000 | | देनदार | 75,000 |
| दामिनी | 2,16,000 | 4,66,000 | फर्नीचर | 1,10,000 |
| | | | भूमि तथा भवन | 3,10,000 |
| | | 5,70,000 | | 5,70,000 |

1.4.2017 को उन्होंने लाभ के $\frac{1}{3}$ भाग के लिए एलिना को निम्न शर्तों पर एक नया साझेदार बनाया :

(i) एलिना अपनी पूँजी के लिए ₹ 3,00,000 तथा ख्याति प्रीमियम के अपने भाग के लिए ₹ 50,000 लाएगी, जिसके आधे का चन्दर तथा दामिनी आहरण कर लेंगे ।

(ii) ₹ 5,000 के देनदारों का लेखा नहीं किया गया था ।

(iii) फर्नीचर को 10% कम किया जाएगा तथा प्राप्य बिलों व देनदारों पर डूबत एवं संदिग्ध ऋणों के लिए 5% का प्रावधान किया जाएगा ।

(iv) भूमि तथा भवन के मूल्य में 20% की बढ़ोतरी की जाएगी ।

(v) फर्म के विरुद्ध क्षतिपूर्ति का एक दावा था, इसके लिए ₹ 8,000 की एक देयता का सृजन किया जाएगा ।

पुनर्मूल्यांकन खाता तथा साझेदारों के पूँजी खाते तैयार कीजिए । 6



10 YEARS QUESTION PAPER.COM CBSE BOARD XII 10YearsQuestionPaper.com

Chander and Damini were partners in a firm sharing profits and losses equally. On 31st March, 2017 their Balance Sheet was as follows :

**Balance Sheet of Chander and Damini as on 31.3.2017**

| Liabilities | | Amount ₹ | Assets | Amount ₹ |
|---|---|---|---|---|
| Sundry Creditors | | 1,04,000 | Cash at Bank | 30,000 |
| Capitals | | | Bills Receivable | 45,000 |
| Chander | 2,50,000 | | Debtors | 75,000 |
| Damini | 2,16,000 | 4,66,000 | Furniture | 1,10,000 |
| | | | Land and Building | 3,10,000 |
| | | 5,70,000 | | 5,70,000 |

On 1.4.2017, they admitted Elina as a new partner for $\frac{1}{3}^{rd}$ share in the profits on the following conditions :

(i) Elina will bring ₹ 3,00,000 as her capital and ₹ 50,000 as her share of goodwill premium, half of which will be withdrawn by Chander and Damini.

(ii) Debtors to the extent of ₹ 5,000 were unrecorded.

(iii) Furniture will be reduced by 10% and 5% provision for bad and doubtful debts will be created on bills receivables and debtors.

(iv) Value of land and building will be appreciated by 20%.

(v) There being a claim against the firm for damages, a liability to the extent of ₹ 8,000 will be created for the same.

Prepare Revaluation Account and Partners' Capital Accounts.


10 YEARS QUESTION PAPER.COM CBSE BOARD XII 10YearsQuestionPaper.com

16. एक्स. लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 50,000 समता अंशों के निर्गमन के लिए आवेदन आमन्त्रित किए । राशि का भुगतान निम्न प्रकार से करना था :

| | | |
|---|---|---|
| आवेदन पर | : | ₹ 2 प्रति अंश |
| आबंटन पर | : | ₹ 2 प्रति अंश |
| प्रथम याचना पर | : | ₹ 3 प्रति अंश |
| दूसरी तथा अन्तिम याचना पर | : | शेष राशि |

70,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । 10,000 अंशों के लिए आवेदनों को रद्द कर दिया गया तथा आवेदन राशि वापस कर दी गई ।

शेष अंशधारकों को आनुपातिक आधार पर अंशों का आबंटन कर दिया गया तथा आवेदनों के साथ प्राप्त आधिक्य राशि को, यदि कोई थी, आबंटन तथा याचना पर देय राशि में हस्तान्तरित कर दिया गया ।

गोपाल, जिसने 600 अंशों के लिए आवेदन किया था, ने अपनी समस्त अंश राशि का भुगतान आवेदन के साथ कर दिया । घोष, जिसने 6,000 अंशों के लिए आवेदन किया था, आबंटन राशि का भुगतान करने में असफल रहा तथा उसके अंशों का तुरंत हरण कर लिया गया । हरण किए गए इन अंशों का ₹ 20,000 में सुल्तान को ₹ 4 प्रति अंश प्रदत्त पुन: निर्गमन कर दिया गया । प्रथम याचना राशि तथा दूसरी तथा अन्तिम याचना राशि यथावत् माँगी गई एवं प्राप्त हो गई ।

एक्स. लिमिटेड की पुस्तकों में उपर्युक्त लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । जहाँ आवश्यक हो अग्रिम-याचना खाता तथा अदत्त-याचना खाता खोलिए । 8

**अथवा**

'अ' लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 1,00,000 अंशों को ₹ 1 प्रति अंश के प्रीमियम पर निर्गमित करने हेतु आवेदन आमन्त्रित किए । राशि का भुगतान निम्न प्रकार से करना था :

| | | |
|---|---|---|
| आवेदन पर | : | ₹ 3 प्रति अंश |
| आबंटन पर | : | ₹ 3 प्रति अंश (प्रीमियम सहित) |
| प्रथम याचना पर | : | ₹ 3 प्रति अंश |
| दूसरी तथा अन्तिम याचना पर | : | शेष राशि |

1,60,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । आबंटन निम्नलिखित आधार पर किया गया :

(i) 90,000 अंशों के आवेदकों को : 40,000 अंश

(ii) 50,000 अंशों के आवेदकों को : 40,000 अंश

(iii) 20,000 अंशों के आवेदकों को : पूरे अंश



10 YEARS QUESTION PAPER.COM CBSE BOARD XII 10YearsQuestionPaper.com

आवेदन पर प्राप्त अतिरिक्त धनराशि का समायोजन आबंटन एवं याचनाओं पर देय राशि में किया जाएगा ।

एक अंशधारी, रिषभ, जिसने 1,500 अंशों के लिए आवेदन किया था तथा जो श्रेणी (ii) से सम्बन्ध रखता था, ने आबंटन, प्रथम तथा दूसरी एवं अंतिम याचना राशि का भुगतान नहीं किया ।

एक अन्य अंशधारी, सुधा, जिसने 1,800 अंशों के लिए आवेदन किया था तथा जो श्रेणी (i) से सम्बन्धित थी, ने प्रथम तथा दूसरी एवं अंतिम याचना राशि का भुगतान नहीं किया ।

रिषभ तथा सुधा के सभी अंशों का हरण कर लिया गया तथा बाद में उन्हें ₹ 7 प्रति अंश पूर्ण प्रदत्त पुन:निर्गमित कर दिया गया ।

'अ' लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । जहाँ आवश्यक हो अदत्त-याचना खाता तथा अग्रिम-याचना खाता खोलिए । 8

X Ltd. invited applications for issuing 50,000 equity shares of ₹ 10 each. The amount was payable as follows :

| | | |
|---|---|---|
| On Application | : | ₹ 2 per share |
| On Allotment | : | ₹ 2 per share |
| On First Call | : | ₹ 3 per share |
| On Second and Final Call | : | Balance amount |

Applications for 70,000 shares were received. Applications for 10,000 shares were rejected and the application money was refunded.

Shares were allotted to the remaining applicants on a pro-rata basis and excess money received with applications was transferred towards sums due on allotment and calls, if any.

Gopal, who applied for 600 shares, paid his entire share money with application. Ghosh, who had applied for 6,000 shares, failed to pay the allotment money and his shares were immediately forfeited. These forfeited shares were re-issued to Sultan for ₹ 20,000; ₹ 4 per share paid up. The first call money and the second and final call money was called and duly received.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of X Ltd. Open Calls-in-Advance Account and Calls-in-Arrears Account wherever necessary.

**OR**

A Ltd. invited applications for issuing 1,00,000 shares of ₹ 10 each at a premium of ₹ 1 per share. The amount was payable as follows :

| | | |
|---|---|---|
| On Application | : | ₹ 3 per share |
| On Allotment | : | ₹ 3 per share (including premium) |
| On First Call | : | ₹ 3 per share |
| On Second and Final Call | : | Balance amount |



10 YEARS QUESTION PAPER.COM CBSE BOARD XII 10YearsQuestionPaper.com

Applications for 1,60,000 shares were received. Allotment was made on the following basis :

(i) To applicants for 90,000 shares : 40,000 shares

(ii) To applicants for 50,000 shares : 40,000 shares

(iii) To applicants for 20,000 shares : full shares

Excess money paid on application is to be adjusted against the amount due on allotment and calls.

Rishabh, a shareholder, who applied for 1,500 shares and belonged to category (ii), did not pay allotment, first and second and final call money.

Another shareholder, Sudha, who applied for 1,800 shares and belonged to category (i), did not pay the first and second and final call money.

All the shares of Rishabh and Sudha were forfeited and were subsequently re-issued at ₹ 7 per share fully paid.

Pass the necessary journal entries in the books of A Ltd. Open Calls-in-Arrears Account and Calls-in-Advance Account wherever required.

17. सृजन, रमन तथा मनन एक फर्म के साझेदार थे तथा 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । 31 मार्च, 2017 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

**31.3.2017 को सृजन, रमन तथा मनन का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | | राशि ₹ | सम्पत्तियाँ | राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|
| पूँजी : | | | पूँजी : मनन | 10,000 |
| सृजन | 2,00,000 | | प्लांट | 2,20,000 |
| रमन | 1,50,000 | 3,50,000 | निवेश | 70,000 |
| लेनदार | | 75,000 | स्टॉक | 50,000 |
| देय बिल | | 40,000 | देनदार | 60,000 |
| अदत्त वेतन | | 35,000 | बैंक | 10,000 |
| | | | लाभ-हानि खाता | 80,000 |
| | | 5,00,000 | | 5,00,000 |

उपर्युक्त तिथि को उन्होंने फर्म का विघटन करने का निर्णय लिया ।



10 YEARS QUESTION PAPER.COM CBSE BOARD XII 10YearsQuestionPaper.com

(i) सृजन को परिसम्पत्तियों को वसूल करने तथा देयताओं का भुगतान करने के लिए नियुक्त किया गया । सृजन को परिसम्पत्तियों की बिक्री (रोकड़ को छोड़कर) का 5% कमीशन प्राप्त होगा तथा उसे विघटन व्यय भी वहन करने होंगे ।

(ii) परिसम्पत्तियों की वसूली निम्न प्रकार से की गई :

| | (₹) |
|---|---|
| प्लांट | 85,000 |
| स्टॉक | 33,000 |
| देनदार | 47,000 |

(iii) निवेशों की पुस्तक मूल्य के 95% पर वसूली की गई ।

(iv) फर्म को पूर्व में प्रावधान नहीं किए गए ₹ 7,500 के अदत्त मरम्मत बिल का भुगतान करना पड़ा ।

(v) बैंक से बट्टे पर भुनाए गए ₹ 15,000 के प्राप्य बिलों की एक आकस्मिक देयता का भुगतान करना पड़ा ।

(vi) विघटन व्यय ₹ 3,000 थे जिसका भुगतान सृजन द्वारा किया गया ।

वसूली खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा बैंक खाता तैयार कीजिए । 8

**अथवा**

मोली, भोला तथा राज एक फर्म के साझेदार थे तथा 3 : 3 : 4 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । उनके साझेदारी संलेख में निम्नलिखित का प्रावधान था :

(i) पूँजी पर 5% प्रति वर्ष ब्याज ।

(ii) आहरण पर 12% प्रति वर्ष ब्याज ।

(iii) साझेदार के ऋण पर 6% प्रति वर्ष ब्याज ।

(iv) मोली को ₹ 4,000 वार्षिक वेतन; भोला को लाभ-हानि खाते द्वारा प्रदर्शित शुद्ध लाभ पर 10% कमीशन तथा राज को साझेदारी संलेख में किए गए प्रावधानों के समायोजनों के पश्चात् ₹ 1,50,000 लाभ की गारंटी ।

उनकी स्थायी पूँजी थी, मोली : ₹ 5,00,000; भोला : ₹ 8,00,000 तथा राज : ₹ 4,00,000. 1 अप्रैल, 2016 को भोला ने फर्म को ₹ 1,00,000 का ऋण दिया । भोला के ऋण पर ब्याज लगाने से पूर्व 31 मार्च, 2017 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए फर्म का शुद्ध लाभ ₹ 3,06,000 था ।

31 मार्च, 2017 को समाप्त हुए वर्ष के लिए मोली, भोला तथा राज का लाभ-हानि विनियोजन खाता तथा साझेदारों के चालू खाते तैयार कीजिए । वर्ष में भोला ने प्रति माह के अन्त में ₹ 5,000, मोली ने प्रत्येक तिमाही के अन्त में ₹ 10,000 तथा राज ने प्रत्येक छः माह के अन्त में ₹ 40,000 का आहरण किया । 8


10 YEARS QUESTION PAPER.COM CBSE BOARD XII 10YearsQuestionPaper.com

Srijan, Raman and Manan were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 2 : 2 : 1. On 31st March, 2017 their Balance Sheet was as follows :

**Balance Sheet of Srijan, Raman and Manan as on 31.3.2017**

| Liabilities | | Amount ₹ | Assets | Amount ₹ |
|---|---|---|---|---|
| Capitals : | | | Capital : Manan | 10,000 |
| Srijan | 2,00,000 | | Plant | 2,20,000 |
| Raman | 1,50,000 | 3,50,000 | Investments | 70,000 |
| Creditors | | 75,000 | Stock | 50,000 |
| Bills Payable | | 40,000 | Debtors | 60,000 |
| Outstanding Salary | | 35,000 | Bank | 10,000 |
| | | | Profit and Loss Account | 80,000 |
| | | 5,00,000 | | 5,00,000 |

On the above date they decided to dissolve the firm.

(i) Srijan was appointed to realise the assets and discharge the liabilities. Srijan was to receive 5% commission on sale of assets (except cash) and was to bear all expenses of realisation.

(ii) Assets were realised as follows :

| | (₹) |
|---|---|
| Plant | 85,000 |
| Stock | 33,000 |
| Debtors | 47,000 |

(iii) Investments were realised at 95% of the book value.

(iv) The firm had to pay ₹ 7,500 for an outstanding repair bill not provided for earlier.

(v) A contingent liability in respect of bills receivable, discounted with the bank had also materialised and had to be discharged for ₹ 15,000.

(vi) Expenses of realisation amounting to ₹ 3,000 were paid by Srijan.

Prepare Realisation Account, Partners' Capital Accounts and Bank Account.

**OR**



10 YEARS QUESTION PAPER.COM CBSE BOARD XII 10YearsQuestionPaper.com

Moli, Bhola and Raj were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 3 : 4. Their partnership deed provided for the following :

(i) Interest on capital @ 5% p.a.

(ii) Interest on drawing @ 12% p.a.

(iii) Interest on partners' loan @ 6% p.a.

(iv) Moli was allowed an annual salary of ₹ 4,000; Bhola was allowed a commission of 10% of net profit as shown by Profit and Loss Account and Raj was guaranteed a profit of ₹ 1,50,000 after making all the adjustments as provided in the partnership agreement.

Their fixed capitals were Moli : ₹ 5,00,000; Bhola : ₹ 8,00,000 and Raj : ₹ 4,00,000. On 1st April, 2016 Bhola extended a loan of ₹ 1,00,000 to the firm. The net profit of the firm for the year ended 31st March, 2017 before interest on Bhola's loan was ₹ 3,06,000.

Prepare Profit and Loss Appropriation Account of Moli, Bhola and Raj for the year ended 31st March, 2017 and their Current Accounts assuming that Bhola withdrew ₹ 5,000 at the end of each month, Moli withdrew ₹ 10,000 at the end of each quarter and Raj withdrew ₹ 40,000 at the end of each half year.

## खण्ड ख

## (वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)

## PART B

## (Analysis of Financial Statements)

18. एक वित्तीय कम्पनी द्वारा 'प्राप्त ब्याज तथा भुगतान किए गए ब्याज' को रोकड़ प्रवाह विवरण बनाते समय कौन-सी गतिविधि माना जाएगा ? *1*

'Interest received and paid' is considered as which type of activity by a finance company while preparing a Cash Flow Statement ?

19. रोक्रड़ प्रवाह विवरण तैयार करने के प्राथमिक उद्देश्य का उल्लेख कीजिए । *1*

State the primary objective of preparing a Cash Flow Statement.



10 YEARS QUESTION PAPER.COM CBSE BOARD XII 10YearsQuestionPaper.com

20. जे. डब्ल्यू. लिमिटेड, एक कम्पनी, गीज़र विनिर्माण कर रही थी । दीर्घकालीन विस्तारीकरण लक्ष्य के एक भाग के रूप में कम्पनी ने ग्रामीण क्षेत्रों में सुअवसर की पहचान का निर्णय लिया । प्रारम्भिक योजना हरियाणा के भिवानी गाँव में लागू की गई । चूँकि गाँव में बिजली की पूर्ति नियमित नहीं थी, अत: कम्पनी ने निर्णय लिया कि सौर ऊर्जा से चलने वाले गीज़रों का निर्माण किया जाए । केन्द्रीय टीम जिसमें क्षेत्रीय प्रबन्धक, लेखाकार तथा विपणन प्रबन्धक थे, मुख्य कार्यालय से ली गई तथा शेष कर्मचारियों का चयन गाँव व उसके आस-पास के क्षेत्रों से किया गया ।

वित्तीय विवरणों की तैयारी के समय कम्पनी का लेखाकार बीमार हो गया तथा कम्पनी ने दो महीने के लिए गाँव से एक अस्थायी कनिष्ठ लेखाकार की नियुक्ति कर ली ।

कनिष्ठ लेखाकार द्वारा तैयार किए गए स्थिति विवरण में निम्नलिखित मदों को उनके समक्ष दिए गए मुख्य शीर्षकों व उप-शीर्षकों के अन्तर्गत दर्शाया गया है जो कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची III के अनुरूप नहीं है ।

| *मद* | *मुख्य शीर्षक/उपशीर्षक* |
|---|---|
| खुदरा औज़ार | व्यापारिक प्राप्य |
| चैक हस्ते | चालू निवेश |
| बैंकों से आवधिक ऋण | अन्य दीर्घ-अवधि देयताएँ |
| कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर | मूर्त स्थायी परिसम्पत्तियाँ |

ऐसे दो मूल्यों की पहचान कीजिए जिन्हें कम्पनी समाज को सम्प्रेषित करना चाहती है । साथ ही उपर्युक्त मदों को कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची III के अनुसार सही मुख्य शीर्षकों एवं उप-शीर्षकों के अन्तर्गत प्रस्तुत कीजिए । *4*

JW Ltd. was a company manufacturing geysers. As a part of its long term goal for expansion, the company decided to identify the opportunity in rural areas. Initial plan was rolled out for Bhiwani village in Haryana. Since the village did not have regular supply of electricity, the company decided to manufacture solar geysers. The core team consisting of the Regional Manager, Accountant and the Marketing Manager was taken from the Head Office and the remaining employees were selected from the village and neighbourhood areas.

At the time of preparation of financial statements, the accountant of the company fell sick and the company deputed a junior accountant temporarily from the village for two months.



10 YEARS QUESTION PAPER.COM CBSE BOARD XII 10YearsQuestionPaper.com

The Balance Sheet prepared by the junior accountant showed the following items against the Major Heads and Sub-heads mentioned which were not as per Schedule III of the Companies Act, 2013.

| *Item* | *Major Head / Sub-Head* |
|---|---|
| Loose Tools | Trade Receivables |
| Cheques in Hand | Current Investments |
| Term Loan from Bank | Other Long-term Liabilities |
| Computer Software | Tangible Fixed Assets |

Identify any two values that the company wants to communicate to the society. Also present the above items under the correct major heads and sub-heads as per Schedule III of the Companies Act, 2013.

**21.** निम्नलिखित सूचना से के.जे. लिमिटेड का सामान्य आकार स्थिति विवरण तैयार कीजिए :

| | विवरण | नोट सं. | 31.3.2017 ₹ | 31.3.2016 ₹ |
|---|---|---|---|---|
| **I – समता एवं देयताएँ :** | | | | |
| 1. | अंशधारक निधियाँ | | 8,00,000 | 4,00,000 |
| 2. | अचल देयताएँ | | 5,00,000 | 2,00,000 |
| 3. | चालू देयताएँ | | 3,00,000 | 2,00,000 |
| | **कुल** | | 16,00,000 | 8,00,000 |
| **II – परिसम्पत्तियाँ :** | | | | |
| 1. | अचल परिसम्पत्तियाँ | | 10,00,000 | 5,00,000 |
| 2. | चालू परिसम्पत्तियाँ | | 6,00,000 | 3,00,000 |
| | **कुल** | | 16,00,000 | 8,00,000 |



10 YEARS QUESTION PAPER.COM

CBSE BOARD XII

10YearsQuestionPaper.com

Prepare a common size Balance Sheet of KJ Ltd. from the following information :

| | Particulars | Note No. | 31.3.2017 ₹ | 31.3.2016 ₹ |
|---|---|---|---|---|
| **I – Equity and Liabilities :** | | | | |
| 1. | Shareholder's Funds | | 8,00,000 | 4,00,000 |
| 2. | Non-Current Liabilities | | 5,00,000 | 2,00,000 |
| 3. | Current Liabilities | | 3,00,000 | 2,00,000 |
| | **Total** | | 16,00,000 | 8,00,000 |
| **II – Assets :** | | | | |
| 1. | Non-Current Assets | | 10,00,000 | 5,00,000 |
| 2. | Current Assets | | 6,00,000 | 3,00,000 |
| | **Total** | | 16,00,000 | 8,00,000 |

**22.** कुन्दन लिमिटेड की पुस्तकों से प्राप्त निम्नलिखित सूचना से 2015 – 16 तथा 2016 – 17 वर्षों के लिए स्टॉक आवर्त अनुपात की गणना कीजिए : *4*

| | 2015 – 16 ₹ | 2016 – 17 ₹ |
|---|---|---|
| 31 मार्च को इन्वेन्ट्री (स्टॉक) | 7,00,000 | 17,00,000 |
| प्रचालन से आगम | 50,00,000 | 75,00,000 |

(सकल लाभ प्रचालन से आगम की लागत पर 25% है)

वर्ष 2015 – 16 में इन्वेन्ट्री (स्टॉक) में ₹ 2,00,000 की बढ़ोतरी हुई ।

From the following information obtained from the books of Kundan Ltd., calculate the inventory turnover ratio for the years 2015 – 16 and 2016 – 17 :

| | 2015 – 16 ₹ | 2016 – 17 ₹ |
|---|---|---|
| Inventory on 31$^{st}$ March | 7,00,000 | 17,00,000 |
| Revenue from operations | 50,00,000 | 75,00,000 |

(Gross profit is 25% on cost of revenue from operations)

In the year 2015 – 16, inventory increased by ₹ 2,00,000.



10 YEARS QUESTION PAPER.COM CBSE BOARD XII 10YearsQuestionPaper.com

**23.** 31.3.2017 को जे.वाई. लिमिटेड के निम्नलिखित स्थिति विवरण से रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार कीजिए : *6*

**31.3.2017 को जे.वाई. लिमिटेड का स्थिति विवरण**

| | विवरण | नोट सं. | 31.3.2017 ₹ | 31.3.2016 ₹ |
|---|---|---|---|---|
| **I – समता एवं देयताएँ :** | | | | |
| 1. | **अंशधारी निधियाँ :** | | | |
| | (अ) अंश पूँजी | | 5,00,000 | 5,00,000 |
| | (ब) संचय एवं आधिक्य | 1 | 1,00,000 | (25,000) |
| 2. | **अचल देयताएँ :** | | | |
| | दीर्घकालीन ऋण | 2 | 2,50,000 | 1,50,000 |
| 3. | **चालू देयताएँ :** | | | |
| | (अ) लघुकालीन ऋण | 3 | 1,50,000 | 1,00,000 |
| | (ब) लघुकालीन प्रावधान | 4 | 2,00,000 | 1,25,000 |
| | **कुल** | | 12,00,000 | 8,50,000 |
| **II – परिसम्पत्तियाँ :** | | | | |
| 1. | **अचल परिसम्पत्तियाँ :** | | | |
| | **(अ) स्थायी परिसम्पत्तियाँ :** | | | |
| | (i) मूर्त | 5 | 6,00,000 | 4,50,000 |
| 2. | **चालू परिसम्पत्तियाँ :** | | | |
| | (अ) व्यापारिक प्राप्य | | 2,75,000 | 2,25,000 |
| | (ब) रोकड़ एवं रोकड़ तुल्य | | 1,25,000 | 75,000 |
| | (स) लघुकालीन ऋण एवं अग्रिम | | 2,00,000 | 1,00,000 |
| | **कुल** | | 12,00,000 | 8,50,000 |



10 YEARS QUESTION PAPER.COM CBSE BOARD XII 10YearsQuestionPaper.com

**खातों के नोट्स :**

| नोट सं. | विवरण | 31.3.2017 ₹ | 31.3.2016 ₹ |
|---|---|---|---|
| 1. | **संचय एवं आधिक्य :** | | |
| | (आधिक्य – लाभ-हानि विवरण का शेष) | 1,00,000 | (25,000) |
| | | 1,00,000 | (25,000) |
| 2. | **दीर्घकालीन ऋण :** | | |
| | 10% ऋणपत्र | 2,50,000 | 1,50,000 |
| | | 2,50,000 | 1,50,000 |
| 3. | **लघुकालीन ऋण :** | | |
| | बैंक अधिविकर्ष | 1,50,000 | 1,00,000 |
| | | 1,50,000 | 1,00,000 |
| 4. | **लघुकालीन प्रावधान :** | | |
| | (i) प्रस्तावित लाभांश | 75,000 | 50,000 |
| | (ii) कर प्रावधान | 1,25,000 | 75,000 |
| | | 2,00,000 | 1,25,000 |
| 5. | **मूर्त परिसम्पत्तियाँ :** | | |
| | मशीनरी | 7,37,500 | 5,25,000 |
| | एकत्रित (संचित) मूल्यह्रास | (1,37,500) | (75,000) |
| | | 6,00,000 | 4,50,000 |

*अतिरिक्त सूचना :*

31.3.2017 को ₹ 1,00,000, 10% ऋणपत्रों का निर्गमन किया गया ।



10 YEARS QUESTION PAPER.COM CBSE BOARD XII 10YearsQuestionPaper.com

From the following Balance Sheet of JY Ltd. as at 31st March 2017, prepare a Cash Flow Statement :

**Balance Sheet of JY Ltd. as at 31.3.2017**

| | Particulars | Note No. | 31.3.2017 ₹ | 31.3.2016 ₹ |
|---|---|---|---|---|
| **I – Equity and Liabilities :** | | | | |
| 1. | **Shareholder's Funds :** | | | |
| | (a) Share Capital | | 5,00,000 | 5,00,000 |
| | (b) Reserves and Surplus | 1 | 1,00,000 | (25,000) |
| 2. | **Non-Current Liabilities :** | | | |
| | Long-term Borrowings | 2 | 2,50,000 | 1,50,000 |
| 3. | **Current Liabilities :** | | | |
| | (a) Short-term Borrowings | 3 | 1,50,000 | 1,00,000 |
| | (b) Short-term Provisions | 4 | 2,00,000 | 1,25,000 |
| | **Total** | | 12,00,000 | 8,50,000 |
| **II – Assets :** | | | | |
| 1. | **Non-Current Assets :** | | | |
| | **(a) Fixed Assets :** | | | |
| | (i) Tangible | 5 | 6,00,000 | 4,50,000 |
| 2. | **Current Assets :** | | | |
| | (a) Trade Receivables | | 2,75,000 | 2,25,000 |
| | (b) Cash and Cash Equivalents | | 1,25,000 | 75,000 |
| | (c) Short-term Loans and Advances | | 2,00,000 | 1,00,000 |
| | **Total** | | 12,00,000 | 8,50,000 |



10 YEARS QUESTION PAPER.COM CBSE BOARD XII 10YearsQuestionPaper.com

**Notes to Accounts :**

| Note No. | Particulars | 31.3.2017 ₹ | 31.3.2016 ₹ |
|---|---|---|---|
| 1. | **Reserves and Surplus :** | | |
| | (Surplus, i.e., Balance in the Statement of Profit and Loss) | 1,00,000 | (25,000) |
| | | 1,00,000 | (25,000) |
| 2. | **Long-term Borrowings :** | | |
| | 10% Debentures | 2,50,000 | 1,50,000 |
| | | 2,50,000 | 1,50,000 |
| 3. | **Short-term Borrowings :** | | |
| | Bank Overdraft | 1,50,000 | 1,00,000 |
| | | 1,50,000 | 1,00,000 |
| 4. | **Short-term Provisions :** | | |
| | (i) Proposed Dividend | 75,000 | 50,000 |
| | (ii) Provision for Tax | 1,25,000 | 75,000 |
| | | 2,00,000 | 1,25,000 |
| 5. | **Tangible Assets :** | | |
| | Machinery | 7,37,500 | 5,25,000 |
| | Accumulated Depreciation | (1,37,500) | (75,000) |
| | | 6,00,000 | 4,50,000 |

*Additional Information :*

₹ 1,00,000, 10% debentures were issued on 31.3.2017.



10 YEARS QUESTION PAPER.COM
CBSE BOARD XII
10YearsQuestionPaper.com

## खण्ड ख

## (अभिकलित्र लेखांकन)

## PART B

## (Computerised Accounting)

18. 'संग्रहित' तथा 'व्युत्पन्न' विशेषता का अर्थ एक उदाहरण देकर समझाइए । 1

Give an example to explain the meaning of 'stored' and 'derived' attribute.

19. कम्प्यूटर का उपयोग किस प्रकार प्रतियोगी तीक्ष्णता तथा व्यवसाय की लाभप्रदता को बढ़ाता है ? 1

How does the usage of computer sharpen the competitive edge and enhance the profitability of a business ?

20. कम्प्यूटरीकृत लेखांकन तन्त्र की चार सीमाएँ दीजिए । 4

Give four limitations of computerised accounting system.

21. उस मूल्य का नाम बताइए जो आँकड़ों की अनुपस्थिति का द्योतक है । उन परिस्थितियों का भी उल्लेख कीजिए जहाँ इन मूल्यों के उपयोग की आवश्यकता हो सकती है । 4

Name the value which represents absence of data. Also state the situations which may require the use of these values.

22. डेस्कटॉप डेटाबेस तथा सर्वर डेटाबेस में अन्तर्भेद कीजिए । 4

Differentiate between desktop database and server database.

23. ए.बी.सी. लिमिटेड दो नगरों — बैंगलूरू तथा मैंगलूरू में कार्य संचालन करती है । बैंगलूरू में गृह किराया भत्ता ₹ 5,000 है तथा मैंगलूरू में ₹ 4,000 है । महँगाई भत्ते की गणना मूल वेतन पर निम्न प्रकार से करनी है :

मूल वेतन का 15% यदि मूल वेतन ₹ 15,000 से कम है ।

मूल वेतन का 10% यदि मूल वेतन ₹ 15,000 से अधिक है ।

मानक दिनों की संख्या एक महीने में 30 दिन लेनी है ।

एक्सेल का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित राशि की गणना कीजिए : 6

(i) श्री महेश, जो बैंगलूरू में कार्यरत है, का सकल वेतन । श्री महेश ने 3 दिन बिना वेतन का अवकाश लिया है तथा उनका मूल वेतन ₹ 25,000 है ।

(ii) श्री रंजन, जो मैंगलूरू में कार्यरत है, का सकल वेतन । श्री रंजन का मूल वेतन ₹ 14,000 है ।



10 YEARS QUESTION PAPER.COM CBSE BOARD XII 10YearsQuestionPaper.com